दिनांक 5:12:18

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई**

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का समीक्षा बैठक आयुक्त महोदय द्वारा लिया गया

भिलाईनगर/ आयुक्त एस.के. सुंदरानी द्वारा अपने कक्ष में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें आयुक्त द्वारा एक एक करके राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समस्त पदाधिकारियों को उनके कार्य के संबंध में जानकारी ली एवं सभी को पृथक - पृथक जिम्मेदारी प्रदान की गई!

आयुक्त द्वारा पूर्व में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कर्मचारियों अधिकारियों को स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का भी लक्ष्य प्रदान किया गया है इसी परिपेक्ष्य में आयुक्त द्वारा सभी से उनके लक्ष्य के विरुद्ध की गई प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई आयुक्त ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ,पथ विक्रेता के माध्यम से उनके चिर परिचित व बी ए जी ग्रुप के सहयोग से स्वच्छता एप डाउनलोड करावे व प्रतिदिन रिपोर्ट से अवगत कराएं!